**समाचार**

**रजत जयंती वर्ष 2025**

# पूजा पण्डालों में लगेंगे रजत जयंती वर्ष के लोगो व रजत जयंती थीम पर होंगे विविध कार्यक्रम

**(आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने पूजा उत्सव समितियों की बैठक लेकर मनाए जा रहे रजत जयंती वर्ष 2025 समारोह में उनकी सहभागिता का किया आग्रह)**




कोरबा 02 सितम्बर 2025 – छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना रजत जयंती वर्ष 2025 के अनुक्रम में मनाए जा रहे रजत जयंती समारोह के तहत शहर में स्थापित विभिन्न पूजा पण्डालों में रजत जयंती वर्ष के लोगो लगाए जाएंगे एवं रजत जयंती समारोह की थीम पर रंगोली प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, प्रदर्शनी व छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आज आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने शहर की पूजा उत्सव समितियों की बैठक लेकर शासन से प्राप्त निर्देशों के तहत रजत जयंती वर्ष समारोह में उनकी सहभागिता तथा उक्तानुसार आयोजन किए जाने का आग्रह किया।

यहॉ उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं, इस मौके पर सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में रजत जयंती वर्ष 2025 मनाया जा रहा है, जिसके तहत जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों स्वयंसेवी संगठनों, नागरिकों तथा अन्य संगठनों के सहयोग से शासन प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप विविध कार्यक्रम विभिन्न चरणों में पूरे वर्ष आयोजित होंगे। इसी कड़ी में पूजा समितियों द्वारा स्थापित होने वाले पण्डालों एवं उनके द्वारा किए जाने वाले आयोजनों के दौरान रजत जयंती की थीम पर विविध कार्यक्रम हों, इसके मद्देनजर आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में शहर की पूजा उत्सव समितियों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली तथा इस संबंध में शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों की विस्तृत जानकारी देते हुए उन्होने रजत जयंती वर्ष 2025 के इस उत्सव में उनकी महती सहभागिता

का आग्रह किया। आयुक्त श्री पाण्डेय ने समितियों से कहा कि पूजा पण्डालों में रजत जयंती थीम पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जाए तथा शासन द्वारा निर्धारित रजत जयंती वर्ष का लोगो पण्डाल में लगाया जाए, निगम द्वारा लोगो का प्रारूप उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होने कहा कि छत्तीसगढ़ की स्थापना के 25 वर्षो की विकास यात्रा को दर्शाते हुए नुक्कड़ नाटक व प्रदर्शनी आदि के आयोजन किए जाएं, साथ ही पण्डालों में रजत जयंती थीम पर छत्तीसगढ़ की स्थानीय कला एवं संस्कृति के प्रचार प्रसार हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए।

**शासन द्वारा निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप स्थापित कराएं पूजा पण्डाल** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने बैठक के दौरान पण्डालों, अस्थाई संरचनाओं, धरना, जुलूस, सभा, रैली आदि के आयोजन के संबंध में शासन द्वारा निर्धारित मानदण्डों की जानकारी देते हुए निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप पण्डालों की स्थापना का आग्रह समितियों से किया तथा शासन के दिशा निर्देशों की प्रति उपलबध कराई। इसके साथ ही उन्होने पण्डालों की स्थापना के दौरान पार्किंग व्यवस्था का ध्यान रखने, समिति के स्वयं के वालेनटियर नियुक्त करने, परिसर में साफ–सफाई की व्यवस्था रखने आदि के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश समितियों को दिए। उन्होने कहा कि पण्डालों का स्ट्रक्चर मानदण्डों के अनुरूप व प्रमाणित हो, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहें। उन्होने आग्रह करते हुए कहा कि वहॉ पर प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न किया जाए, आवागमन व यातायात व्यवस्था में सहयोग दिया जाए तथा परिसर की साफ–सफाई व पर्याप्त डस्टबिन रखें जाए।

**विसर्जन स्थलों की दी जानकारी** – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने पूजा उत्सव समितियों को नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत 06 स्थानों पर निर्धारित किए गए प्रतिमा विसर्जन स्थलों की जानकारी देते हुए निर्धारित विसर्जन स्थलों पर ही प्रतिमाओं का विसर्जन करने का आग्रह किया तथा कहा कि इन विसर्जन स्थलों पर जिला पुलिस व निगम प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं कराई गई हैं, अतः इन्हीं स्थलों पर ही अनिवार्य रूप से विसर्जन करें। यहॉ उल्लेखनीय है कि कोरबा जोनअंतर्गत वार्ड क्रमांक 5 एस एल आर एम सेंटर के सामने स्थित रेट घाट , परिवहन नगर जोनान्तर्गत पंप हाउस नदी के किनारे , कोसाबाड़ी एवं रविशंकर नगर जोनांतर्गत डेगूर नाला छठ घाट , बालको जोन अंतर्गत बेलगरी नाला छठ घाट राम मंदिर के पास ,दर्री जोन अंतर्गत प्रगति नगर सर्वेश्वर मंदिर के पास तथा सर्वमंगला नगर जोन अंतर्गत सर्वमंगला मंदिर के पास नदी घाट पर विसर्जन स्थल रहेंगे।